# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक ट्रिब्यून | 21. 1.26 | 8 | 3-5 |

## हकृवि का नेशनल फर्टिलाइजर के साथ समझौता

हिसार, 20 जनवरी (हप्र)

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय ने नेशनल फर्टिलाइजर लिमिटेड (एनएफएल) से समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसके तहत एनएफएल के सहयोग से विवि अपने सात रेडियो स्टेशन पर पीएम प्रणाम योजना के तहत रासायनिक उर्वरकों के उचित उपयोग से संबंधित कार्यक्रमों का प्रसारण करेगा।

विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. रमेश यादव ने बताया कि उपरोक्त समझौते के तहत प्रत्येक कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा एक वर्ष के दौरान 30 मिनट की अवधि के 180 प्रोग्राम प्रसारित किए जाएंगे। इस योजना के तहत विश्वविद्यालय को एनएफएल की ओर से 50 लाख, 40 हजार रुपए दिए जाएंगे। कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज की उपस्थिति में विश्वविद्यालय की ओर से समझौता ज्ञापन पर विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. रमेश यादव व सह विस्तार निदेशक डॉ. कृष्ण कुमार यादव ने हस्ताक्षर किए जबकि एनएफएल की ओर से मानव संसाधन विकास के डिप्टी मैनेजर कुलवंत सिंह पंवार और वित्तीय एवं प्रबंधन में असिस्टेंट मैनेजर कुनिका ठाकुर ने समझौते पर हस्ताक्षर किए।



हिसार में कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज के साथ वैज्ञानिक व कंपनी के सदस्य। -हप्र

कुलपति ने बताया कि चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय देश का पहला ऐसा विश्वविद्यालय है जिसके पास अपने सात सामुदायिक रेडियो स्टेशन हैं। इन स्टेशनों में सिरसा, हिसार, जींद, पानीपत, रोहतक, झज्जर व कुरुक्षेत्र शामिल हैं।

ज्ञात रहे कि विश्वविद्यालय का इससे पहले एनएफएल के साथ समझौता हुआ था जिसके माध्यम से सामुदायिक रेडियो स्टेशनों द्वारा 935 कार्यक्रम प्रसारित किए गए। समझौते से प्रदेश में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने में भी मदद मिली है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 21-1-26 | 12 | 7-8 |

## हकृवि का नेशनल फर्टिलाइजर लिमिटेड के साथ हुआ समझौता

### किसानों को समय पर सूचना मिलने से होगा फायदा: प्रो. काम्बोज

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा सात सामुदायिक रेडियो स्टेशन कृषि क्षेत्र से संबंधित तमाम नवीनतम जानकारियां, प्रौद्योगिकियां, नवाचार और मौसम से संबंधीत सूचनाओं के प्रचार एवं प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इनके द्वारा न केवल विश्वविद्यालय की नवीनतम शोध एवं तकनीक संबंधी जानकारियां किसानों को समय पर उपलब्ध करवाई जा रही हैं बल्कि केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा किसानों के कल्याणार्थ क्रियान्वित की जा रही योजनाओं एवं कार्यक्रमों को भी प्रभावी तरीके से पहुंचाया जा रहा है। यह विचार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.बीआर काम्बोज ने सामुदायिक रेडियो स्टेशन के साथ नेशनल फर्टिलाइजर लिमिटेड पानीपत के साथ हुए समझौता ज्ञापन के दौरान व्यक्त किए। प्रो. काम्बोज ने बताया कि 'पीएम-प्रणाम संतुलित उर्वरक, पोषक तत्व प्रबंधन' विषय पर विश्वविद्यालय के सामुदायिक रेडियो स्टेशनों के माध्यम से कार्यक्रमों के संचालन के लिए विश्वविद्यालय द्वारा समझौता किया गया है। समझौते के तहत विश्वविद्यालय नेशनल फर्टिलाइजर लिमिटेड के सहयोग से पीएम प्रणाम योजना के तहत रासायनिक उर्वरकों के उचित उपयोग से संबंधित कार्यक्रमों का प्रसारण करेगा। कुलपति ने बताया कि इसके प्रचार प्रसार से किसान समय पर रासायनिक उर्वरकों का संतुलित उपयोग करके भूमि की उर्वरा शक्ति को बढ़ा सकेंगे। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. पवन कुमार, अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग, सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. अतुल ढींगड़ा, डॉ. एसके पाहुजा, आईपीआर सेल के प्रभारी डॉ. योगेश जिंदल, मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य, डॉ. कृष्ण यादव, डॉ. सुबे सिंह, डॉ. हवा सिंह, डॉ. जितेन्द्र भाटिया, डॉ. अनुराग सहित नेशनल फर्टिलाइजर लिमिटेड के अधिकारीगण मौजूद रहे।



हिसार। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज के साथ वैज्ञानिक व कंपनी के सदस्य।

### हकृवि के पास 7 सामुदायिक रेडियो स्टेशन

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय देश का पहला ऐसा विश्वविद्यालय है जिसके पास अपने सात सामुदायिक रेडियो स्टेशन हैं। इन स्टेशनों में सिरसा, हिसार, जींद, पानीपत, रोहतक, झज्जर व कुरुक्षेत्र शामिल हैं। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सभी रेडियो स्टेशन अपने-अपने क्षेत्र में वैज्ञानिक वार्ताओं, प्रगतिशील किसानों की कहानियां, मनोरंजन गानों तथा रागनियों के माध्यम से रासायनिक खादों के संतुलित उपयोग को बढ़ावा देने के लिए कार्यक्रम प्रसारित कर रहे हैं।

### 180 प्रोग्राम किए जाएंगे प्रसारित

विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. रमेश यादव ने बताया कि उपरोक्त समझौते के तहत प्रत्येक कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा एक वर्ष के दौरान 30 मिनट की अवधि के 180 प्रोग्राम प्रसारित किए जाएंगे। इस योजना के तहत विश्वविद्यालय को एनएफएल की ओर से 50 लाख 40 हजार रूपए दिए जाएंगे। ज्ञात रहे कि विश्वविद्यालय का इससे पहले एनएफएल के साथ समझौता हुआ था जिसके माध्यम से सामुदायिक रेडियों स्टेशनों द्वारा 935 कार्यक्रम प्रसारित किए गए। समझौते से प्रदेश में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने में भी मदद मिली है।

### समझौते पर किए हस्ताक्षर

कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज की उपस्थिति में विश्वविद्यालय की ओर से समझौता ज्ञापन पर विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. रमेश यादव व सह विस्तार निदेशक डॉ. कृष्ण कुमार यादव ने हस्ताक्षर किए, जबकि नेशनल फर्टिलाइजर लिमिटेड की ओर से मानव संसाधन विकास के डिप्टी मैनेजर कुलवंत सिंह पँवार और वित्तीय एवं प्रबंधन में असिस्टेंट मैनेजर कुनिका ठाकुर ने समझौते पर हस्ताक्षर किए।

## चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 21-1-26 | 3 | 3-5 |

# एचएयू के सामुदायिक रेडियो स्टेशन और एनएफएल के बीच एमओयू



एचएयू कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज के साथ वैज्ञानिक व कंपनी के सदस्य

**हिसार|** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा सात सामुदायिक रेडियो स्टेशन कृषि क्षेत्र से संबंधित तमाम नवीनतम जानकारियां, प्रौद्योगिकियां, नवाचार और मौसम से संबंधित सूचनाओं के प्रचार एवं प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। यह बात एचएयू वीसी प्रो. बीआर काम्बोज ने सामुदायिक रेडियो स्टेशन के साथ नेशनल फर्टिलाइजर लिमिटेड पानीपत के साथ हुए समझौता ज्ञापन के दौरान कही।

प्रो. काम्बोज ने बताया कि पीएम-प्रणाम संतुलित उर्वरक, पोषक तत्व प्रबंधन विषय पर विवि के सामुदायिक रेडियो स्टेशनों के माध्यम से कार्यक्रमों के संचालन के लिए विश्वविद्यालय द्वारा समझौता किया है। समझौते के तहत प्रत्येक कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा एक वर्ष के दौरान 30 मिनट की अवधि के 180 प्रोग्राम प्रसारित किए जाएंगे। एनएफएल की ओर से मानव संसाधन विकास के डिप्टी मैनेजर कुलवंत सिंह पंवार और वित्तीय एवं प्रबंधन में असिस्टेंट मैनेजर कुनिका ठाकुर ने समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. पवन कुमार, अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग भी मौजूद रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| दैनिक जागरण | 21.1.26 | 3 | 4 |

## हकृवि का नेशनल फर्टिलाइजर लिमिटेड के साथ एमओयू

जागरण संवाददाता • हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा सात सामुदायिक रेडियो स्टेशन कृषि क्षेत्र से संबंधित तमाम नवीनतम जानकारियां, प्रौद्योगिकियां, नवाचार और मौसम से संबंधित सूचनाओं के प्रचार एवं प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इनके द्वारा न केवल विश्वविद्यालय की नवीनतम शोध एवं तकनीक संबंधी जानकारियां किसानों को समय पर उपलब्ध करवाई जा रही हैं बल्कि केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा किसानों के कल्याणार्थ क्रियान्वित की जा रही योजनाओं एवं कार्यक्रमों को भी प्रभावी तरीके से पहुंचाया जा रहा है। यह विचार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.बीआर काम्बोज ने सामुदायिक रेडियो स्टेशन के साथ नेशनल फर्टिलाइजर लिमिटेड पानीपत के साथ हुए समझौता ज्ञापन के दौरान व्यक्त किए।

प्रो. काम्बोज ने बताया कि 'पीएम-प्रणाम संतुलित उर्वरक, पोषक तत्व प्रबंधन' विषय पर विश्वविद्यालय के सामुदायिक रेडियो स्टेशनों के माध्यम से कार्यक्रमों के संचालन हेतु विश्वविद्यालय द्वारा समझौता किया गया है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पाठकपक्ष न्यूज | 20.1.2026 | -- | -- |

# हकृवि का नेशनल फर्टिलाइजर लिमिटेड के साथ समझौता



-पाठकपक्ष न्यूज-

**हिसार, 21 जनवरी :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (हकृवि) ने नेशनल फर्टिलाइजर लिमिटेड (एनएफएल), पानीपत के साथ समझौता किया है। यह समझौता विश्वविद्यालय के सात सामुदायिक रेडियो स्टेशनों के माध्यम से किसानों को नवीनतम कृषि तकनीक, मौसम संबंधी जानकारी और पीएम-प्रणाम योजना के तहत रासायनिक उर्वरकों के संतुलित उपयोग से संबंधित कार्यक्रम प्रसारित करने के लिए किया गया है।

कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहा कि इससे किसान समय पर सही जानकारी प्राप्त करके भूमि की उर्वरा शक्ति बढ़ा सकेंगे। हकृवि देश का पहला ऐसा विश्वविद्यालय है जिसके पास अपने सात सामुदायिक रेडियो स्टेशन हैं– सिरसा, हिसार, जींद, पानीपत, रोहतक, झज्जर और कुरुक्षेत्र। ये स्टेशन वैज्ञानिक वार्ताओं, प्रगतिशील किसानों की कहानियों और मनोरंजन कार्यक्रमों के माध्यम से रासायनिक खाद के संतुलित उपयोग को बढ़ावा दे रहे हैं।

समझौते पर विश्वविद्यालय की ओर से विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. रमेश यादव और सह विस्तार निदेशक डॉ. कृष्ण कुमार यादव ने हस्ताक्षर किए, जबकि एनएफएल की ओर से मानव संसाधन विकास के डिप्टी मैनेजर कुलवंत सिंह पँवार और वित्तीय एवं प्रबंधन में असिस्टेंट मैनेजर कुनिका ठाकुर ने हस्ताक्षर किए।

डॉ. रमेश यादव ने बताया कि इस योजना के तहत प्रत्येक कृषि विज्ञान केंद्र एक वर्ष में 180 कार्यक्रम प्रसारित करेगा। इसके लिए विश्वविद्यालय को एनएफएल की ओर से 50.4 लाख रुपये प्रदान किए जाएंगे। इससे पहले विश्वविद्यालय और एनएफएल के सहयोग से 935 कार्यक्रम प्रसारित किए जा चुके हैं, जिससे प्रदेश में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा मिला है।

इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. पवन कुमार, अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग, सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. अतुल ढींगड़ा, डॉ. एसके पाहुजा, आईपीआर सेल के प्रभारी डॉ. योगेश जिंदल, मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य, डॉ. कृष्ण यादव, डॉ. सुबे सिंह, डॉ. हवा सिंह, डॉ. जितेन्द्र भाटिया, डॉ. अनुराग सहित नेशनल फर्टिलाइजर लिमिटेड के अधिकारीगण मौजूद रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स न्यूज | **20.1.2026** | -- | -- |


### हकृवि का नेशनल फर्टिलाइजर लिमिटेड के साथ हुआ समझौता

# किसानों को समय पर सूचना मिलने से होगा फायदा : प्रो. बीआर काम्बोज

सिटी पल्स न्यूज, हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा सात सामुदायिक रेडियो स्टेशन कृषि क्षेत्र से संबंधित तमाम नवीनतम जानकारियां, प्रौद्योगिकियां, नवाचार और मौसम से संबंधीत सूचनाओं के प्रचार एवं प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इनके द्वारा न केवल विश्वविद्यालय की नवीनतम शोध एवं तकनीक संबंधी जानकारियां किसानों को समय पर उपलब्ध करवाई जा रही हैं बल्कि केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा किसानों के कल्याणार्थ क्रियान्वित की जा रही योजनाओं एवं कार्यक्रमों को भी प्रभावी तरीके से पहुंचाया जा रहा है। यह विचार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.बी.आर. काम्बोज ने सामुदायिक रेडियो स्टेशन के साथ नेशनल फर्टिलाइजर लिमिटेड पानीपत के साथ हुए समझौता ज्ञापन के दौरान व्यक्त किए।

प्रो. काम्बोज ने बताया कि 'पीएम-प्रणाम संतुलित उर्वरक, पोषक तत्व प्रबंधन' विषय पर विश्वविद्यालय के सामुदायिक रेडियो स्टेशनों के माध्यम से कार्यक्रमों के संचालन हेतु विश्वविद्यालय द्वारा समझौता किया गया है। इस समझौते के तहत विश्वविद्यालय नेशनल फर्टिलाइजर लिमिटेड के सहयोग से पीएम प्रणाम योजना के तहत रासायनिक उर्वरकों के उचित उपयोग से संबंधित कार्यक्रमों का प्रसारण करेगा। कुलपति ने बताया कि इसके प्रचार प्रसार से किसान समय पर रासायनिक उर्वरकों का संतुलित उपयोग करके भूमि की उर्वरा शक्ति को बढ़ा सकेंगे। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय देश का पहला ऐसा विश्वविद्यालय है जिसके पास अपने सात सामुदायिक रेडियो स्टेशन हैं। इन स्टेशनों में सिरसा, हिसार, जींद, पानीपत, रोहतक, झज्जर व कुरुक्षेत्र शामिल हैं। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सभी रेडियो स्टेशन अपने-अपने क्षेत्र में वैज्ञानिक वार्ताओं, प्रगतिशील किसानों की कहानियां, मनोरंजन गानों तथा रागनियों के माध्यम से रासायनिक खादों के संतुलित उपयोग को बढ़ावा देने के लिए कार्यक्रम प्रसारित कर रहे हैं।



एमओयू के दौरान उपस्थित अधिकारी।

**ये रहे मौजूद :** इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. पवन कुमार, अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग, सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. अतुल ढींगड़ा, डॉ. एसके पाहुजा, आईपीआर सेल के प्रभारी डॉ. योगेश जिंदल, मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य, डॉ. कृष्ण यादव, डॉ. सुबे सिंह, डॉ. हवा सिंह, डॉ. जितेन्द्र भाटिया, डॉ. अनुराग सहित नेशनल फर्टिलाइजर लिमिटेड के अधिकारीगण मौजूद रहे।

### विश्वविद्यालय का एनएफएल कंपनी के साथ हुआ समझौता

कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज की उपस्थिति में विश्वविद्यालय की ओर से समझौता ज्ञापन पर विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. रमेश यादव व सह विस्तार निदेशक डॉ. कृष्ण कुमार यादव ने हस्ताक्षर किए, जबकि नेशनल फर्टिलाइजर लिमिटेड की ओर से मानव संसाधन विकास के डिप्टी मैनेजर कुलवंत सिंह पंवार और वित्तीय एवं प्रबंधन में असिस्टेंट मैनेजर कुनिका ठाकुर ने समझौते पर हस्ताक्षर किए। विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. रमेश यादव ने बताया कि उपरोक्त समझौते के तहत प्रत्येक कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा एक वर्ष के दौरान 30 मिनट की अवधि के 180 प्रोग्राम प्रसारित किए जाएंगे। इस योजना के तहत विश्वविद्यालय को एनएफएल की ओर से 50 लाख 40 हजार रूपए दिए जाएंगे। ज्ञात रहे कि विश्वविद्यालय का इससे पहले एनएफएल के साथ समझौता हुआ था जिसके माध्यम से सामुदायिक रेडियों स्टेशनों द्वारा 935 कार्यक्रम प्रसारित किए गए।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| ज्योति दर्पण न्यूज | 20.1.2026 | -- | -- |

# हकृवि का नेशनल फर्टिलाइजर लिमिटेड के साथ हुआ समझौता

हिसार 20 जनवरी। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा सात सामुदायिक रेडियो स्टेशन कृषि क्षेत्र से संबंधित तमाम नवीनतम जानकारियां, प्रौद्योगिकियां, नवाचार और मौसम से संबंधीत सूचनाओं के प्रचार एवं प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इनके द्वारा न केवल विश्वविद्यालय की नवीनतम शोध एवं तकनीक संबंधी जानकारियां किसानों को समय पर उपलब्ध करवाई जा रही हैं बल्कि केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा किसानों के कल्याणार्थ क्रियान्वित की जा रही योजनाओं एवं कार्यक्रमों को भी प्रभावी तरीके से पहुंचाया जा रहा है। यह विचार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.बी.आर. काम्बोज ने सामुदायिक रेडियो स्टेशन के साथ नेशनल फर्टिलाइजर लिमिटेड पानीपत के साथ हुए समझौता ज्ञापन के दौरान व्यक्त किए।



**किसानों को समय पर सूचना मिलने से होगा फायदाः प्रो. बी.आर. काम्बोज**

प्रो. काम्बोज ने बताया कि 'पीएम-प्रणाम संतुलित उर्वरक, पोषक तत्व प्रबंधन' विषय पर विश्वविद्यालय के सामुदायिक रेडियो स्टेशनों के माध्यम से कार्यक्रमों के संचालन हेतु विश्वविद्यालय द्वारा समझौता किया गया है। इस समझौते के तहत विश्वविद्यालय नेशनल फर्टिलाइजर लिमिटेड के सहयोग से पीएम प्रणाम योजना के तहत रासायनिक उर्वरकों के उचित उपयोग से संबंधित कार्यक्रमों का प्रसारण करेगा। कुलपति ने बताया कि इसके प्रचार प्रसार से किसान समय पर रासायनिक उर्वरकों का संतुलित उपयोग करके भूमि की उर्वरा शक्ति को बढ़ा सकेंगे। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय देश का पहला ऐसा विश्वविद्यालय है जिसके पास अपने सात सामुदायिक रेडियो स्टेशन हैं। इन स्टेशनों में सिरसा, हिसार, जींद, पानीपत, रोहतक, झज्जर व कुरुक्षेत्र शामिल हैं। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सभी रेडियो स्टेशन अपने-अपने क्षेत्र में वैज्ञानिक वार्ताओं, प्रगतिशील किसानों की कहानियां, मनोरंजन गानों तथा रागनियों के माध्यम से रासायनिक खादों के संतुलित उपयोग को बढ़ावा देने के लिए कार्यक्रम प्रसारित कर रहे हैं।

विश्वविद्यालय का एनएफएल कंपनी के साथ हुआ समझौता-कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज की उपस्थिति में विश्वविद्यालय की ओर से समझौता ज्ञापन पर विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. रमेश यादव व सह विस्तार निदेशक डॉ. कृष्ण कुमार यादव ने हस्ताक्षर किए, जबकि नेशनल फर्टिलाइजर लिमिटेड की ओर से मानव संसाधन विकास के डिप्टी मैनेजर कुलवंत सिंह पँवार और वित्तीय एवं प्रबंधन में असिस्टेंट मैनेजर कुनिका ठाकुर ने समझौते पर हस्ताक्षर किए।

विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. रमेश यादव ने बताया कि उपरोक्त समझौते के तहत प्रत्येक कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा एक वर्ष के दौरान 30 मिनट की अवधि के 180 प्रोग्राम प्रसारित किए जाएंगे। इस योजना के तहत विश्वविद्यालय को एनएफएल की ओर से 50 लाख 40 हजार रूपए दिए जाएंगे। ज्ञात रहे कि विश्वविद्यालय का इससे पहले एनएफएल के साथ समझौता हुआ था जिसके माध्यम से सामुदायिक रेडियो स्टेशनों द्वारा 935 कार्यक्रम प्रसारित किए गए। समझौते से प्रदेश में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने में भी मदद मिली है।

इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. पवन कुमार, अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग, सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. अतुल ढींगड़ा, डॉ. एसके पाहुजा, आईपीआर सेल के प्रभारी डॉ. योगेश जिंदल, मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य, डॉ. कृष्ण यादव, डॉ. सुबे सिंह, डॉ. हवा सिंह, डॉ. जितेन्द्र भाटिया, डॉ. अनुराग सहित नेशनल फर्टिलाइजर लिमिटेड के अधिकारीगण मौजूद रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| चिराग टाइम्स न्यूज | 20.1.2026 | -- | -- |

# हकृवि का नेशनल फर्टिलाइजर लिमिटेड के साथ हुआ समझौता

चिराग टाइम्स न्यूज

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा सात सामुदायिक रेडियो स्टेशन कृषि क्षेत्र से संबंधित तमाम नवीनतम जानकारियां, प्रौद्योगिकियां, नवाचार और मौसम से संबंधित सूचनाओं के प्रचार एवं प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इनके द्वारा न केवल विश्वविद्यालय की नवीनतम शोध एवं तकनीक संबंधी जानकारियां किसानों को समय पर उपलब्ध करवाई जा रही हैं बल्कि केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा किसानों के कल्याणार्थ क्रियान्वित की जा रही योजनाओं एवं कार्यक्रमों को भी प्रभावी तरीके से पहुंचाया जा रहा है। यह विचार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.बी.आर. काम्बोज ने सामुदायिक रेडियो स्टेशन के साथ नेशनल फर्टिलाइजर लिमिटेड पानीपत के साथ हुए समझौता ज्ञापन के दौरान व्यक्त किए।

किसानों को समय पर सूचना मिलने से होगा फायदा- प्रो. बी.आर. काम्बोज



प्रो. काम्बोज ने बताया कि 'पीएम-प्रणाम संतुलित उर्वरक, पोषक तत्व प्रबंधन' विषय पर विश्वविद्यालय के सामुदायिक रेडियो स्टेशनों के माध्यम से कार्यक्रमों के संचालन हेतु विश्वविद्यालय द्वारा समझौता किया गया है। इस समझौते के तहत विश्वविद्यालय नेशनल फर्टिलाइजर लिमिटेड के सहयोग से पीएम प्रणाम योजना के तहत रासायनिक उर्वरकों के उचित उपयोग से संबंधित कार्यक्रमों का प्रसारण करेगा। कुलपति ने बताया कि इसके प्रचार प्रसार से किसान समय पर रासायनिक उर्वरकों का संतुलित उपयोग करके भूमि की उर्वरा शक्ति को बढ़ा सकेंगे। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय देश का पहला ऐसा विश्वविद्यालय है जिसके पास अपने सात सामुदायिक रेडियो स्टेशन हैं। इन स्टेशनों में सिरसा, हिसार, जींद, पानीपत, रोहतक, झज्जर व कुरुक्षेत्र शामिल हैं। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सभी रेडियो स्टेशन अपने-अपने क्षेत्र में वैज्ञानिक वार्ताओं, प्रगतिशील किसानों की कहानियां, मनोरंजन गानों तथा रागनियों के माध्यम से रासायनिक खादों के संतुलित उपयोग को बढ़ावा देने के लिए कार्यक्रम प्रसारित कर रहे हैं।

विश्वविद्यालय का एनएफएल कंपनी के साथ हुआ समझौता कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज की उपस्थिति में विश्वविद्यालय की ओर से समझौता ज्ञापन पर विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. रमेश यादव व सह विस्तार निदेशक डॉ. कृष्ण कुमार यादव ने हस्ताक्षर किए, जबकि नेशनल फर्टिलाइजर लिमिटेड की ओर से मानव संसाधन विकास के डिप्टी मैनेजर कुलवंत सिंह पंवार और वित्तीय एवं प्रबंधन में असिस्टेंट मैनेजर कुनिका ठाकुर ने समझौते पर हस्ताक्षर किए।

विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. रमेश यादव ने बताया कि उपरोक्त समझौते के तहत प्रत्येक कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा एक वर्ष के दौरान 30 मिनट की अवधि के 180 प्रोग्राम प्रसारित किए जाएंगे। इस योजना के तहत विश्वविद्यालय को एनएफएल की ओर से 50 लाख 40 हजार रूपए दिए जाएंगे। ज्ञात रहे कि विश्वविद्यालय का इससे पहले एनएफएल के साथ समझौता हुआ था जिसके माध्यम से सामुदायिक रेडियो स्टेशनों द्वारा 935 कार्यक्रम प्रसारित किए गए।

समझौते से प्रदेश में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने में भी मदद मिली है।

इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. पवन कुमार, अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग, सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. अतुल ढींगड़ा, डॉ. एसके पाहुजा, आईपीआर सेल के प्रभारी डॉ. योगेश जिंदल, मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य, डॉ. कृष्ण यादव, डॉ. सुबे सिंह, डॉ. हवा सिंह, डॉ. जितेन्द्र भाटिया, डॉ. अनुराग सहित नेशनल फर्टिलाइजर लिमिटेड के अधिकारीगण मौजूद रहे।

फोटो कैप्शन - कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज के साथ वैज्ञानिक व कंपनी के सदस्य

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 21-1-26 | 9 | 1-3 |

# कृषि का नैशनल फर्टिलाइजर लिमिटेड के साथ हुआ समझौता

हिसार, 20 जनवरी (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा सात सामुदायिक रेडियो स्टेशन कृषि क्षेत्र से संबंधित तमाम नवीनतम जानकारियां, प्रौद्योगिकियां, नवाचार और मौसम से संबंधीत सूचनाओं के प्रचार एवं प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इनके द्वारा न केवल विश्वविद्यालय की नवीनतम शोध एवं तकनीक संबंधी जानकारियां किसानों को समय पर उपलब्ध करवाई जा रही हैं बल्कि केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा किसानों के कल्याणार्थ क्रियान्वित की जा रही योजनाओं एवं कार्यक्रमों को भी प्रभावी तरीके से पहुंचाया जा रहा है। यह विचार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.बी.आर. काम्बोज ने सामुदायिक रेडियो स्टेशन के साथ नेशनल फर्टिलाइजर लिमिटेड पानीपत के साथ हुए समझौता ज्ञपिन के दौरान व्यक्त किए। प्रो. काम्बोज ने बताया कि 'पीएम-प्रणाम संतुलित उर्वरक, पोषक तत्व प्रबंधन' विषय पर विश्वविद्यालय के सामुदायिक रेडियो स्टेशनों के माध्यम से कार्यक्रमों के संचालन हेतु विश्वविद्यालय द्वारा समझौता किया गया है। इस समझौते के तहत विश्वविद्यालय नेशनल फर्टिलाइजर लिमिटेड के सहयोग से पीएम प्रणाम योजना के रासायनिक उर्वरकों के उचित उपयोग से संबंधित ... का प्रसारण करेगा। कुलपति ने बताया कि इसके प्रचार प्रसार से किसान समय पर रासायनिक उर्वरकों का संतुलित उपयोग करके भूमि की उर्वरा शक्ति को बढ़ा सकेंगे।



कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज के साथ वैज्ञानिक व कम्पनी के सदस्य।

कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज की उपस्थिति में विश्वविद्यालय की ओर से समझौता ज्ञापन पर विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. रमेश यादव व सह विस्तार निदेशक डॉ. कृष्ण कुमार यादव ने हस्ताक्षर किए, जबकि नेशनल फर्टिलाइजर लिमिटेड की ओर से मानव संसाधन विकास के डिप्टी मैनेजर कुलवंत सिंह पँवार और वित्तीय एवं प्रबंधन में असिस्टेंट मैनेजर कुनिका ठाकुर ने समझौते पर हस्ताक्षर किए। विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. रमेश यादव ने बताया कि उपरोक्त समझौते के तहत प्रत्येक कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा एक वर्ष के दौरान 30 मिनट की अवधि के 180 प्रोग्राम प्रसारित किए जाएंगे। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. पवन कुमार, अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग, सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. अतुल ढींगड़ा, डॉ. एसके पाहुजा, आईपीआर सेल के प्रभारी डॉ. योगेश जिंदल, मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य, डॉ. कृष्ण यादव, डॉ. सुबे सिंह, डॉ. हवा सिंह, डॉ. जितेन्द्र भाटिया, डॉ. अनुराग सहित नेशनल फर्टिलाइजर लिमिटेड के अधिकारीगण मौजूद रहे।